सार-समाचार

जीवन में योग का महत्व बताया

उदयपुर,(कासं)। गीतांजली कॉलेज एंड स्कूल ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विषय: मानवता के लिए योग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. संध्या घई, डीन, जी.सी.एस.एन., ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक स्वास्थ्य की महत्वता से अवगत करवाया एवं जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया एवं दैनिक जीवन में योग को अपनाने को कहा। डॉ. घई ने छात्रों और फैकल्टी को बताया कि सभी को आव्हान किया कि वे ड्रग्स और हिंसा से दूर रहें तथा अपने आप को संचारी रोगों से बचाने के लिए रोजाना योग करें। अपने आचरण, विचारों और व्यवहार को स्वस्थ एवं शुद्ध रखें। पहले केवल ऋषि-मुनि ही योग करते थे लेकिन आजकल यह दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता है। योग प्रदर्शन और अभ्यास का पहला सत्र देवनारायण, पी.एच.डी. विद्यार्थी गीतांजली विश्वविद्यालय के द्वारा किया गया, जिन्होंने किशोरों में तनाव कम करने पर अपना शोध कार्य किया है। प्रो. दिनेश कुमार शर्मा, खेल समन्वयक ने योग प्रदर्शन की विशेषज्ञ सुश्री श्वेता गोयल का परिचय दिया। जिसने फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में डीन डॉ. संध्या घई के साथ कॉलेज के शिक्षक प्रो. दिनेश कुमार शर्मा, देवनारायण, कमलेश मेनारिया, दीपिका निलेश, तुषार दाधीच ने भी भाग लिया।

राज्य के शिक्षकों की स्थानांतरण नीति स्वागत योग्य : आसोलिया

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक का आयोजन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व आज राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई स्थानांतरण नीति के ड्राफ्ट को सराहा गया। वही सर्वसम्मति से राजस्थान के शिक्षकों की स्थानांतरण एवं परिवेदना समिति के सचिव गोपाल सिंह आसोलिया को राज्य सरकार को इसमें और संशोधन एवं सुझाव देने हेतु अधिकृत किया गया। गौरतलब है कि आसोलिया द्वारा ही स्थानांतरण नीति में जिला स्तरीय कमेटी बनाने का सुझाव दिया गया था जिसमें जिला कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधि तथा संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी एवं गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के एकीकृत जैसे शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों को शामिल करने का सुझाव राज्य सरकार को प्रेषित किया गया था वर्तमान शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला एक शिक्षाविद अनुभवी एवं निष्कलंक शिक्षा मंत्री होने के नाते लाखों शिक्षकों की उनसे अपेक्षाएं बढ गई है। बैठक में संरक्षक मधुसूदन शर्मा, सभा अध्यक्ष पुष्पराज सिंह शक्तावत, महामंत्री विपिन जैन, संगठन मंत्री चंद्रभान चौधरी, हरकेश सिंह गुर्जर, तेज सिंह महावर, सपना गहलोत, मधु यादव तथा राज्यभर से अनेक पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

भगवान सांवलिया सेठ के दर्शन किये

मंडफिया,(निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भतीजे राजेश गहलोत ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री गहलोत के भतीजे राजेश गहलोत अपने परिजनों के साथ मंडफिया पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। इस मौके पर मंदिर परंपरा के अनुसार पुजारी भैरू दास वैष्णव ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। मंदिर मंडल की ओर से मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर, बोर्ड सदस्य भेरू लाल सोनी, संजय कुमार मंडोवरा, प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच एवं कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, संजय गुर्जर आदि ने उपरना, प्रसाद एवं भगवान की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री गहलोत के भतीजे राजेश गहलोत ने मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर से चर्चा कर मंदिर की गतिविधियों की जानकारी ली।

टैंकर पलटने से चालक की मौत

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पर टैंकर पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे परसाद थाना क्षैत्र हाइवे बारा रोड़ पर टेंकर पलट गया। हादसे में चालक टोक निवासी शंकरसिंह पुत्र प्रहलादसिंह निचे बद गया। सूचना मिलने पर परसाद थानाधिकारी रमेशचन्द्र, एएसआई दिनेशचन्द्र, हेडकांस्टेबल रामनारायण सिंह ने मौके पर पहुंच कर चालक को बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शंकरसिंह सिमेंट से भरा टेंकर लेकर उदयपुर से अहमदाबाद जा रहा था। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों के आने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनां को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

नहाते समय युवक तालाब में डूबा

उदयपुर,(कासं)। शहर के पिछोला झील गणगौर घाट पर नहाते समय पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे गणगौर घाट पिछोला झील में नहाते समय हर्षनगर रामपुरा निवासी कुशल नागदा (19) पुत्र गिरीराज नागदा की पानी में डूबने से मौत हो गई। कूशल सवेरे घर से निकला था। इस दौरान नहाने आए लोगों ने पानी पर मृत लाश दिखने पर उसे बाहर निकाल उसकी शिनाख्त कर परिजनों का सूचना दी। इस पर हेडकांस्टेबल हरिश मौके पर पहुंचे। जहां परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए शव ले गए।

बैंककर्मियों की हड़ताल स्थगित

उदयपुर,(कासं)। यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स द्वारा 27 जून को आहूत एक दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल गुरूवार को केंद्रीय श्रम आयुक्त की मध्यस्थता में हुई समझौता वार्ता के बाद स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के संयोजक डी के जैन ने बताया कि आज दिल्ली में केंद्रीय श्रम आयुक्त की मध्यस्थता में हुई समझौता वार्ता में भारतीय बैंक संघ ने बैंककर्मियों की मांगों पर 1 जुलाई को वार्ता करने का लिखित प्रस्ताव दिया। इस पर यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स ने हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया।

11 दिन में 14 सैम्पल लिए

डूंगरपुर,(निसं)। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत लगाता खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। जिले में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान 10 जून से चलाया गया था जिसमें अब-तक 14 सैम्पल लिए जा चूके है। आगे भी विभाग द्वारा कार्यवाही जारी रहेगी। अगर कहीं पर मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार अथवा बेचान किया जाता है, तो उसकी सूचना दूरभाष नम्बर 2964-232486 पर दी जाए। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा व सूचना सही पाए जाने पर इनाम स्वरूम 5100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

निनामा नाहरपुरा मंडल अध्यक्ष बने

बांसवाड़ा,(निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया के निर्देशानुसार तथा जिला संगठन प्रभारी दिनेश भट्ट व भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने भलेर चमना निवासी छगनलाल निनामा को नाहरपुरा मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह जानकारी जिला मीडिया गौरव सिंह राव ने दी।

विद्युत आपूर्ति आज बाधित रहेगी

बांसवाड़ा,(निसं)। शुक्रवार को प्रात: 8 से अपराह्न 12 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता ने बताया कि शुक्रवार को मोहन कॉलोनी व उदयपुर रोड आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

राज्यपाल को शिवरती ने पुस्तक भेंट की

उदयपुर,(कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र से शिवरती राजवंश के डॉ अजात शत्रु सिंह शिवरती ने मुलाकात की। इस दौरान शिवरती ने अपनी पुस्तक पर चर्चा व पुस्तक भी राज्यपाल को भेंट की।

युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया

बांसवाड़ा,(निसं)। केन्द्र सरकार के निर्देश पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को बिना सबूत व तथ्यों के नेशनल हेराल्ड मामले में राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित होकर बार-बार तलब करने के विरोध में यूकां ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में बार-बार तलब करने पर छोटी सरवन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

- **युवाओं को 4 साल का ठेका नहीं नियमित रोजगार चाहिए : खडिया**

यूकां जिलाध्यक्ष प्रकाश मईडा ने कहा कि मोदी सरकार के निर्देश पर पुलिस प्रशासन कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को बिना कारण बताये दूरदराज के पुलिस स्टेशनों में ले जाकर बंद कर रही है व जबरदस्ती कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में घुसकर कार्यकर्ताओं और नेताओं को बेरहमी से पीटा जा रहा है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस केशव निनामा व उप प्रधान मनोहर खडिया ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को सेना में 4 साल के लिए ठेके पर लेने वाली अग्निपथ योजना वापस ले क्योंकि आज के युवाओं को 4 साल का ठेका नहीं नियमित रोजगार चाहिए। विरोध प्रदर्शन करने वालों में युकां ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद डिण्डोर, जिला परिषद सदस्य बसंती कटारा, तोलाराम मईडा, सरपंच मुकेश खडिया, पस ईश्वर मईडा, सरपंच हीराराम मईडा, सरपंच लतेश मईडा, मोहन कटारा, पस सदस्य व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनोज डामोर, कांतिलाल, विकास मईडा, लक्की मईडा, रितेश मईडा, अमिताभ आदि प्रमुख रहे।

राजसमंद व नाथद्वारा जिला चिकित्सालयों को बड़ी सौगात मिली

राजसमंद, (निसं)। विधानसभा अध्यक्ष एवं नाथद्वारा विधायक डॉ. सीपी जोशी की मांग पर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नाथद्वारा जिला चिकित्सालय में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ के निवास के लिए क्वार्टर्स एवं जिला चिकित्सालय में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग के विस्तारीकरण के लिए 50 बैड एवं उपकरणों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

डॉ. सीपी जोशी निजी सचिव उत्तम शर्मा ने बताया कि नाथद्वारा जिला चिकित्सालय में पदस्थापित चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ के सुविधा के लिये 7 करोड 62 लाख की लागत से क्वार्टर्स का निर्माण किया जाएगा। वही 3.30 करोड की लागत से आरके राजकिय जिला चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य का विस्तारीकरण कर 50 अतिरिक्त बैड की वृद्धि की जाएगी। उत्तम शर्मा ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य के मुलभुत ढांचे को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

शहरी स्वच्छता में लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही : सभापति

डूंगरपुर,(निसं)। शहरी स्वच्छता में किसी ने भी लापरवाही बरती तो वो कार्यवाही को लेकर तैयार रहे। यह बात गुरूवार को नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने परिषद के सेनिटेशन सफाई शाखा की बैठक ली, जिसमे

नगर परिषद सभागार में परिषद के सेनिटेशन शाखा की बैठक को सभापति अमृत कलासुआ ने संबोधित किया।

- **'सफाईकर्मी वार्डवासियों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित करें'**

सभापति ने सख्ती से कहां कि मुझे हर हाल में शहर 24 घंटे 365 दिन स्वच्छ और सुंदर चाहिये।

शहरी स्वच्छता में अगर किसी भी कर्मचारी ने कोताही बरती तो वह विभागीय कार्यवाही के लिए तैयार रहे। सभापति ने सफाई शाखा के निरीक्षक और जमादार को कहा कि निरीक्षक एवं जमादार सफाई के साथ साथ वार्डो में अवैध निर्माण, निर्माण सामग्री रोड पर न पडी हो, नालियों की नियमित सफाई, कचरा संग्रहण प्रभावी बनावे और अतिक्रमण पर निगरानी रखे और इसकी सूचना परिषद् में देवे। सभापति ने कचरा संग्रहण की गाडी वालों से भी कहा वार्डों में वार्डवासियों से गिला एवं सूखा कचरा अलग देने हेतु प्रेरित करें और यूजर चार्ज वसूले। उन्होंने टीम सफाई से कहा कि में प्रतिदिन रात और दिन की सफाई का निरीक्षण करूंगा अगर कई भी गंदगी पायी गयी तो उसका जिम्मेदार सेनिटेशन शाखा रहेगी। सभापति ने समस्त शहरवासियों से अपील की है कि शहर में साफ-सफाई नालियों की सफाई लाइट,अवैध अतिक्रमण सहित अन्य समस्या के लिए नगरपरिषद के शिकायत कक्ष के नंबर पर अपनी शिकायत लिखवा सकते है। बैठक सेनिटेशन शाखा के प्रभारी रामसिंह राजावत, दिनेश भोई सहित जमादार मौजूद थे।

कृषि सेवा केंद्र का शुभारंभ

उदयपुर,(कासं)। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा बायफ के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत् राजपुरा दरीबा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लि. के तहत किसानों को आधुनिक कृषि व तकनिकी

- **राजपुरा दरीबा के आस पास के 2000 से अधिक किसान होगें लाभान्वित**

के साथ साथ कृषि प्रसंस्करण की योजना से उन्हे लाभ मिलेगा एवं आय में वृद्धि होने से विकास होगा। हिंदुस्तान जिंक द्वारा की गई यह पहल अनुकरणीय है। यह बात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाइस चांसलर एमपीयूएटी डॉ नरेंद्र सिंह राठौर ने राजपुरा दरीबा में कृषि सेवा केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर कहीं।

यह अनूठा कार्यक्रम है जिसके माध्यम से 5 कृषि विकास केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इससे किसान लाभार्थियों को कृषि सेवा केन्द्र का लाभ मिलेगा। इस केन्द्र से जुडे किसान हिस्सेदारों को उनकी मांग के अनुरूप एफपीओ के माध्यम से फसल के बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि उचित दर पर उपलब्ध

हिंदुस्तान जिंक ने किसानों के लिये कृषि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया।

होगें। इसी तरह एफपीओ दरीबा के अतिरिक्त जावर, देबारी, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में स्थापित किए गए हैं। हिंदुस्तान जिंक के बायफ समाधान परियोजना के अंतर्गत राजपुरा दरीबा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तहत अब तक 50 किसान हित समूह में कुल 910 सदस्य जुड़े चुके हैं जिसमें से 352 महिला सदस्य जुड़ी हुई हैं। हिंदुस्तान जिंक की समाधान परियोजना के तहत यह कार्यक्रम कुल 32 गांव में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि जिला परिषद सीईओ उत्साह चैधरी, रेलमगरा प्रधान आदित्य प्रताप सिंह चैहान, हिंदुस्तान जिंक की सीएसआर हेड अनुपम निधि, आरडीसी लोकेशन सीएसआर हेड अभय गौतम तथा बायफ समाधान चीफ प्रोग्राम मैनेजर सुरेंद्र वर्डिया सहित बायफ के अधिकारी, समाधान टीम तथा राजपुरा पंचायत सरपंच हीरालाल गाडरी उपस्थित रहे।

प्रतिभाओं को सम्मानित किया

भीण्डर,(निसं)। भारत विकास परिषद शाखा भीण्डर की नवीन कार्यकारिणी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह शिरोमणी पैलेस में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता आलोक संस्थान निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत ने की। मुख्य अतिथि भीण्डर उपखण्ड अधिकारी रमेश सीरवी थे। विशिष्ठ अतिथि डॉ.जय राज आचार्य, इन्द्र लाल फान्दोत, देवेंद्र सिंह देवल थानाधिकारी, किरण कुमार नागोरी, सुन्दर लाल लिखमावत, अम्बा लाल माहेश्वरी आदि थे।

सर्वप्रथम सामूहिक वन्दे मातरम गान के बाद अतिथियों का मोठडा, उपरना, मेमोंटो, तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इन्द्र लाल फान्दोत ने भींडर शाखा की 2001 स्थापना से लगाकर आज तक की गतिविधियों पर परिषद की जानकारी प्रस्तुत की। भगवती लाल पंड्या द्वारा परिषद का प्रतिवेदन एवं समस्त कार्यों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि रमेश सीरवी ने कहा की परिषद सेवा कार्य में लगी हुई है हम सभी का दायित्व है कि समाज में अच्छा कार्य कर युवा पीढी को आगे बढाए।

सूने मकान से चोरी करने वाला गिरफ्तार

राजसमंद, (निसं)। राजनगर थाना क्षेत्र के इंदिरा कॉलोनी स्थित सुने पडे मकान से करीब 8 किलो सोना, दो किलो चांदी के जैवर एवं नकदी चुराने के आरोप में पिछले एक माहे से फरार वांछित आरोपी को राजनगर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मकान से चोरी के आरोप में राजनगर थाना पुलिस द्वारा पूर्व में दो आरोपी चांद मोहम्मद पुत्र हबीब मोहम्मद निवासी इन्द्रा कोलोनी राजनगर, दीपक गवारिया पुत्र मदनलाल गवारिया निवासी सहकारी समिति के पास किशोर नगर मंडा को गिरफ्तार किया गया। जबकि इनका एक साथी एक माह से फरार चल रहा था।

राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि चोरी के मामले में पुलिस ने वांछित चुन्नीलाल पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी भील मगरी जलचक्की कांकरोली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों से चोरी किए गए जैवरातों एवं नकदी के बारे में पूछताछ जारी है। थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि गत 29 मई को प्रार्थी नारूलाल पुत्र बंशीलाल वाल्मिकी निवासी इन्द्रा कोलोनी राजनगर ने थाने में मकान से चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि 28 मई को किसी कार्य से परिवार सहित उदयपुर गए हुए थे। इसी बीच पडौसी द्वारा घर के दरवाजे खुले होने की सूचना मिली। सूचना पर तुरंत घर पहुंचने पर मकान का दरवाजा व खिडकी खुली हुई और मकान के ताले टुटे हुए मिले। मकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ मिला। इस पर तलाश लेने पर कमरे से सोने-चांदी के आभूषण व करीब 8० हजार रुपये की नकदी गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात

मकान से जेवर व नकदी चोरी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी।

- **सूने मकान से चुराई 8 किलो सोना, दो किलो चांदी के जेवर एवं नकदी**
- **पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, पूछताछ जारी**

बदमाशों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की। पुलिस ने टीम का गठन कर दबिश देते हुए पूर्व में इन्द्रा कोलोनी राजनगर चांद मोहम्मद व किशोर नगर मंडा निवासी दीपक गवारिया को गिरफ्तार कर पूछताछ की। इसके बाद वांछित भील मंगरी जलचक्की निवासीचुन्नीलाल मीणा की तलाश करते हुए जगह जगह दबिश देते हुए मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ से सुने पडे मकान से जैवरात व नकदी चुराना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीनों आरोपियों से चोरी किए गए जैवरातों एवं नकदी के बारे में पूछताछ जारी है।

सार-समाचार

कार्यशाला में 163 से ज्यादा स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञों ने लिया भाग

उदयपुर,(कासं)। पीपीएच (पोस्टपार्टम हैम्रेज), भारत में मातृत्व मृत्यु का सबसे बडा कारण है जो एक सामान्य जटिलता है। साथ ही सुरक्षित मातृत्व के लिए प्रसवोत्तर रक्तस्त्राव को रोकना सबसे बड़ी चुनौती है। पीपीएच (पोस्टपार्टम हैम्रेज) को रोकने के लिए स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को समय-समय पर अपने आप को नई तकनीको से अपडेट रहना चाहिए। इसी के लिए पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से पीपीएच (पोस्टपार्टम हैम्रेज) प्रबंधन एवं नई तकनीकों पर लाइव प्रसूति कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला की चेयरमेन डॉ.राजरानी शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.लाखन पोसवाल,आईएमए उदयपुर के प्रिसिडेन्ट डॉ.आनन्द गुप्ता,विशिष्ट अतिथि डॉ.शर्मिला कर्णा,पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल,पीएमयू के वाइस चॉसलर डॉ.ए.पी. गुप्ता, पीएमसीएच के प्राचार्य डॉ. एम.एम. मगल एवं पीएमसीएच के सीईओ शरद कोठारी ने किया। डॉ. राजरानी ने बताया कि वर्कशॉप में पीपीएच की रोकथाम के लिए अहमदाबाद से आए गेस्ट फैकल्टी डॉ. महेश गुप्ता द्वारा सी.ओ.एम.ओ.जी और सी.आई.एम.जी तकनीक के द्वारा लाइव ऑपरेशन दिखाए गए। इस जीवृन्त वर्कशॉप के माध्यम से पीपीएच (पोस्टपार्टम हैम्रेज) को कैसे प्रसूति के समय नियत्रित किया जाए जिससे इस कारण होने वाली मृत्युदर को रोका जा सके एवं जच्चा -बच्चा को सुरक्षित स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस कार्यशाला में उदयपुर संभाग एव आस पास के विभिन्न क्षेत्रों के 163 से ज्यादा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

टोल नाका बंद करने की मांग

राजसमंद, (निसं)। केलवा क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट चालकों एवं खण्डा ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के व्यवसाईयों सहित आक्रोशित ग्रामीणों ने गोमती ब्यावर रोड की खस्ताहाल होने पर भी टोल वसूली को लेकर बग्गडटोल नाका बंद कराने की मांग की है। व्यवसाईयों ने बताया कि खस्ताहाल सडक का कार्य चलने पर भी बग्गड टोल नाके पर टोल वसूली की जा रही है। जो पूरी तरह से आमदनी पर भारी पड रही है। वहीं एक और सडक क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन रुक-रुक कर धीरे आगे बढते है जिससे डीजल की भी अनावश्यक रूप से खपत हो रही है। एनएचआई के नियम के अनुसार 6० किलोमीटर की रेंज में यदि दो टोल प्लाजा आते हैं तो एक टोल प्लाजा को हटाना अनिवार्य है। लेकिन, यहां नियमों के विरुद्ध बग्गड टोल नाका लगा हुआ है जिस पर गाडी मालिकों से वसूली की जा रही है। अभी हाल ही में 12 प्रतिशत टोल बढोतरी से जनता पर अनावश्यक रूप से भार बढ गया है। एसोसिएशन अध्यक्ष लक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि बग्गड टोल नाके से ट्रक व ट्रेलर व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है। बग्गड टोल नाका एन एच आई के नियम विरुद्ध लगा हुआ है जिसे प्रशासन से शीघ्र ही बंद करवाने की मांग की जा रही। व्यवसायियों में मोइनुद्दीन, कैलाश कुमार, शांतिलाल, रोहित, दयाशंकर, भीमचंद्र, निर्मल कुमार, पवन वैष्णव, देवकिशन, भूषण कुमार, राजू भाई, अशोक माली, लक्ष्मण गुर्जर, कोषाध्यक्ष शौकत सिंधी, लक्ष्मण गुर्जर, भेरू वैष्णव, मुकेश तेली, रमेश पारीख, रामस्वरूप, भैरू वैष्णव, नारायण गुर्जर समेत कई व्यवसायियों ने बग्गड टोल नाके को सरकार से बंद करने की गुहार लगाई है।

हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। युवक की हत्या कर लाश को कुएं में डालने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित भोजानाड़ीभुला रोहिड़ा सिरोही निवासी रूपाराम पुत्र गोपी ने माण्डवा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 19 जून 2022 को सवेरे मेरा पुत्र श्रवण कुमार एवं उसका साला किशन पुत्र उदाजी हमेशा की तरफ स्वरूपगंज मजदूरी करने के लिए गये थे। वहां पर काम नहीं मिलने पर वापस घर लौट आए। कुछ समय बाद किशन ने श्रवण को बाखेल माण्डवा निवासी नानी के घर जाकर आने की बात कही। तभी किशन अपनी बाइक पर बाखेल की तरफ गया। वहा पर मेरे पुत्र श्रणव कुमार की हत्या कर उस कुए में डाल दिया। मेरे पुत्र श्रवण की उसके साले व साले के मामा ने हत्या कर लाश कुए में डाल दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुंदर कवारिया, पुलिस उप अधीक्षक कुशालराम चौरड़िया के सुपरविजन में माडवा थानाधिकारी उत्तमसिंह के नेतृत्व में एएसआई शांतिलाल, कांस्टेबल मनोज कुमार, जयेश, लोकेन्द्रसिंह, महेश मय टीम ने बाखेल माण्डवा निवासी मसरू उर्फ कीतीया पुत्र गलबाराम, कालुराम पुत्र शंकरलाल, रमेश पुत्र गलबाराम, कम्बोई थाना रोहिड़ा हॉल लोदरा थाना स्रूपगंज सिरोही निवासी किशन पुत्र उदाराम को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

साध्वी संघ का मंगल प्रवेश

डूंगरपुर,(निसं)। नवकार महामंत्र के स्मरण मात्र से ही मनुष्य अपने जीवन का उद्धार कर लेता है ओर दु:खों से मुक्ति पा लेता है। यह बात गुरूवार को आचार्य विजय हेमचन्द्र सुरीश्वर की शिष्या श्री जित मोहा श्रीजी ने मंगल प्रवेश के बाद जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ उपाश्रय भवन में व्याख्यान में कहे। उन्होने कहा कि मनुष्य जीवन हमे मिला है। और उसमे अपने कर्मो के आधार पर आगे ले जाना है। तो उसके लिए धर्म ही एक मात्र राह दिखाने वाला है। आगामी दिनों में चार्तुमास प्रारंभ होने वाला है। और उसके माध्यम से हम धर्म की आराधना हो प्रारंभ करते है। ऐसे में हम जीवन को धर्म के माध्यम से आगे बढाये। साध्वी संघ का गुरूवार प्रात: ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ आगवानी की गई। जो कि आदर्श नगर लिक रोड, होते हुए आजाद नगर संभवनाथ जैन उपाश्रय में पहुंचे। जहां साध्वी संघ के सानिध्य में सकल संघ ने दैव दर्शन किये तथा मांगलिक सूना।

महंत भारतभूषण प्रदेश उपाध्यक्ष बने

उदयपुर,(कासं)। महंत भारत भूषण जोशी राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने नियुक्ति पत्र जारी कर प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर तत्काल प्रभाव से उनकी नियुक्ति की गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि जोशी को संगठन के हित में डूंगरपुर और बांसवाडा का जिला प्रभारी भी नियुक्त कर निर्देशित किया जाता है तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान एवं डूंगरपुर और बांसवाडा जिला स्तरीय कार्यकारिणी के शीघ्र गठन के निर्देश दिए गए। ज्ञात रहे जोशी सत्रह वर्ष राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष पद पर उत्कृष्ट कार्य कर चुके हैं। कई शिक्षाविदों ने जोशी की नियुक्ति को शिक्षक समाज के हित में बताया तथा राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत को एकदम योग्य व्यक्ति का चयन करने के लिए आभार जताया।

गौवंश से भरी पिकअप जब्त

भूपालसागर,(निसं)। कस्बे के वार्ड नं12 में आंगनबाड़ी केंद्र के पास रात्री में एकांत खड़ी पिकअप में चार गौवंश ठूस-ठूस कर भरे हुए थे। पुलिस ने मामलें में कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड नं 12 में आंगनबाड़ी केंद्र के पास कुछ ग्रामीणों को गौवंश के पिक पिकअप में भरे होने का आभास हुआ तो ग्रामीणों ने पीकअप की तलाशी ली। तलाशी पर पिकअप में गौवंश भरे हुये थे। आस-पास देखा तो कोई भी दिखाई नही दिया। इस परा कई लोग एकत्रित हो गए। उक्त सूचना सरपंच प्यार चंद भील व पंचायत समिति सदस्य सुरेश गाडरी को भी दी गयी। जिस पर सरपंच ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गौ अधिनियम में मामला दर्ज कर इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया।

देवस्थान आयुक्त ने दर्शन किए

मंडफिया,(निसं)। राजस्थान देवस्थान विभाग उदयपुर के आयुक्त करण सिंह एवं देवस्थान सहायक आयुक्त सुनील मत्तड ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर परंपरा के अनुसार पुजारी भैरू दास वैष्णव ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। इस मौके पर मंदिर मंडल की ओर से अतिथियों का मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच, कांग्रेस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर आदि ने उपरना, प्रसाद एवं भगवान की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।